पत्रांक–बि0प्र0सु0मि0सो0 / RTPS–01 / 2011 सो0 375

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी

(सामान्य प्रशासन विभाग)

प्रेषक,

डॉ0 प्रतिमा
अपर मिशन निदेशक

प्रेषित,

सभी जिला पदाधिकारी,
बिहार

पटना, दिनांक 23/03/2017

विषयः– **'लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम' के क्रियान्वयन हेतु अनुमंडल एवं प्रखण्ड–सह–अंचल स्तरीय RTPS Counter हेतु राशि उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि 'बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम' के क्रियान्वयन हेतु राज्य के सभी जिलों को सभी अनुमंडल एवं प्रखण्ड–सह–अंचल में स्थापित प्रति RTPS Counter के लिये ₹ 50000.00 (पचास हजार) की राशि का प्रावधान निम्न कार्यों हेतु किया गया हैः–

1. दीवार लेखन,
2. शेड की मरम्मति,
3. आवेदकों के प्रतीक्षा कक्ष हेतु फर्नीचर की मरम्मति,
4. आर0टी0पी0एस0 काउन्टर से संबंधित फर्नीचर की क्रय / मरम्मति,
5. आर0टी0पी0एस0 काउन्टर हेतु External Hard Disk Drive का क्रय,
6. आर0टी0पी0एस0 काउन्टर हेतु Web Cam का क्रय (यदि पूर्व का वेब कैम कार्य न कर रहा हो)।

अनुरोध है कि राशि प्राप्त होने के उपरांत आवश्यकतानुसार उपर्युक्त वर्णित कार्य नियमानुसार कराने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन

23/3/17

(डॉ0 प्रतिमा)
अपर मिशन निदेशक

E:\Randheer\letter ao sir.docx